# HAMIRPUR POLICE

## साइबर सेल द्वारा 05 आवेदकों का ऑनलाइन साइबर फ्रॉड का 1,43,754/- रुपया वापस करवाया गया

अवगत कराना है कि आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है।

उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर सेल हमीरपुर द्वारा निरन्तर अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर सेल हमीरपुर द्वारा कुल 05 आवेदकों के से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए 1,43,754/- रुपये की धनराशि शिकायतकर्ताओं के खाते में वापस करवाई गई, शेष राशि की बरामदगी हेतु प्रयास किया जा रहा है, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**आवेदकों का विवरणः-**

**01)** मुकुल वर्मा नि0 ग्राम कोठा पोस्ट मलेहटा थाना राठ जनपद हमीरपुर ने दिनाँक 05/02/2023 को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि फ्राड कॉल कर आवेदक के पे-टीएम से कई बार में 01 लाख रुपये का फ्राड कर लिया, जिसमें आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस करवाई गई।

**02)** बालेन्द्र ग्राम शीतलपुर पोस्ट कुसमरा थाना कोतवाली नगर हमीरपुर द्वारा दिनाँक 01.04.2023 को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्राड कर खाते से 19000/- रुपये निकाल लिये गये थे, आवेदक के खाते में 19,000 /- रुपये वापस करवाये गये।

**03)** परमेश्वर नि0 स्टेशन रोड़ के पास भरुआ सुमेरपुर द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्रॉड कॉल कर आवेदक के मोबाइल में एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करवाकर खाते से 44,891/- रुपये निकाल लिये गये हैं, जिसमें कार्यवाही कर आवेदक के खाते में 13,715/- रुपये की धनराशि वापस करवाई गई, शेष धनराशि को बरामद कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**04)** अंकुश यादव नि0 भरुआ सुमेरपुर ने दिनाँक 22.03.2023 को प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाते से फ्राड कर लिया है, जिसमें आवश्यक कार्यवाही कर आवेदक के बैंक खाते में 8039/- रुपये की धनराशि वापस करवाई गई।

**05)** काजल सिंह नि0 मराठीपुरा थाना मौदहा ने दिनाँक 03.03.2023 को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि फ्रॉड कॉल कर आधार कार्ड लिंक कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर खाते से 3,000/- रुपये का साइबर फ्रॉड कर लिया है, जिसमें आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस करवाई गई।

**बरामदगी करने वाली टीमः-**

1)उ0नि0 आनन्द कुमार साहू
2)हे0का0 संदीप यादव
3)हे0का0 असित कुमार
4)आ0 यूनिश खान
5)आ0 चन्द्रभवन दिवाकर

## आवश्यक सूचना

आज कल साइबर अपराधी कॉल करके स्वयं को रिस्तेदार/ मित्र बताता है और रकम भेजने की बात करता है, लेकिन मनी रिक्वेस्ट भेजता है, **OTP/UPI** पिन डालने पर पीडित के खाते से रकम कट जाती है,

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड़ होता है तो तुरंत साइबर सेल, संबंधित थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि तुरंत कार्यवाही की जा सके।

